अर्द्धवार्षिक परीक्षा 2016-2017

हिन्दी भाषा

कक्षा : IV

समय : 2 घंटे 15 मिनट **पूर्णांक : 80**

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दस से पंद्रह वाक्यों में निबंध लिखिए :- **[12]**

(क) तुम्हारा प्रिय मित्र कौन है ? वह तुम्हें क्यों पसन्द हैं ? उसके गुणों का वर्णन कीजिए ।

(ख) राष्ट्रीय त्योहार कौन-कौन से हैं ? हमारे देश में स्वतन्त्रता दिवस कब, क्यों व कैसे मनाया जाता है ?

(ग) छुट्टी का दिन कैसा लगता है ? सुबह कितने बजे सोकर उठते हो ? उस दिन तुम्हारी दिनचर्या क्या होती है? छुट्टी के बाद विद्यालय जाना कैसा लगता है ? लिखिए।

2. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए :- **[10]**

(क) मामाजी के विवाह में शामिल होने के लिए चार दिनों का अवकाश माँगते हुए अपनी प्रधानाध्यापिका को आवेदन पत्र लिखिए।

(ख) अपनी बीमार माँ की देखभाल करने के लिए विद्यालय से तीन दिनों के अवकाश हेतु प्रधानाध्यापिका को आवेदन पत्र लिखिए।

3. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए :-

एक बार एक टोपी बेचने वाला पेड़ की ठंडी छाँव में सो गया। उस पेड़ पर कुछ बंदर बैठे थे। बंदर बहुत शरारती थे। उन्होंने टोपी वाले की सारी टोपियाँ उठा लीं और पेड़ पर जा बैठे। जब टोपी वाला नींद से जागा तो बड़ा हैरान हुआ कि सारी टोपियाँ कहाँ गईं ? तभी नजर पेड़ पर बैठे शरारती बंदरों पर पड़ी। उसे सारा मामला समझते देर न लगी। टोपी वाले ने अपने सिर पर ओढ़ी टोपी को उछालना-फेंकना शुरू किया। नकलची बंदर भी उसी की तरह टोपियाँ उछालने और फेंकने लगे। बंदरों ने सभी टोपियाँ उछालकर नीचे फेंक दीं। टोपी वाले ने सारे टोपियाँ इकट्ठी की और अपने मार्ग पर आगे बढ़ गया।

(क) टोपी बेचने वाला कहाँ सो गया ? [3]

(ख) नींद से जागने पर टोपी बेचने वाला हैरान क्यों था ? [3]

(ग) टोपी बेचने वाले को क्या समझने में देर न लगी ? [3]

(घ) बंदरों ने एक-एक कर सारी टोपियाँ नीचे क्यों गिरा दी ? [3]

(ङ) गद्यांश में बंदरों के लिये प्रयुक्त विशेषण ढूँढिए एवं लिखिए। [3]

(च) गद्यांश में से चार संज्ञा शब्द चुनकर लिखें। [2]

Downloaded From www.icseboard.org

4. **निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए :-** [4]

(क) बंदर वृक्ष पर बैठा है ।

(ख) यह कमरा साफ है ।

(ग) पौधा सूख गया ।

(घ) छुट्टी खत्म हो गई ।

5. **उचित विशेषण शब्दों से खाली स्थान भरिए :-** [5]

(क) उपवन में _________ फूल खिले हैं ।

(ख) _________ लड़कियाँ नृत्य सीख रही हैं ।

(ग) आकाश में _________ बादल छाए हुए हैं ।

(घ) _________ रसगुल्ले खाइए ।

(ङ) हमारे _________ झंडे में तीन रंग होते हैं ।

6. **निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए और उनके भेद लिखिए :-** [6]

(क) थोड़ा पानी गमले में भी डालना ।

(ख) दो लड़के पतंग उड़ा रहे हैं ।

(ग) मेरे पास सुन्दर गुड़िया है ।

(घ) इस बगीचे में क्रिकेट खेलना मना है ।

7. **कोष्ठक में दिए हुए शब्दों के विलोम शब्दों से खाली स्थान भरिए :-** [4]

(क) _________ की रक्षा करनी चाहिए (ताकतवर)

(ख) आज से हमारी परीक्षा _________ होती है (समाप्त)

(ग) हर इंसान में गुण व _________ दोनों ही होते हैं। (गुण)

(घ) बीरबल बहुत _________ मंत्री थे। (मूर्ख)

8. **निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए :-** [5]

(क) नाक में दम करना

(ख) आँख का तारा

(ग) सिर चढ़ाना

(घ) गाँठ बाँधना

(ङ) आना कानी करना

Downloaded From www.icseboard.org

9. **निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए :- (शब्द उतारें)** [5]

सूर्य, घर, आँख, आदमी, आकाश

10. **निम्नलिखित शब्द-समूहों के लिए एक-एक शब्द लिखिए :-** [5]

(क) साथ यात्रा करने वाला ।

(ख) जिसकी आत्मा महान हो ।

(ग) सात रंगों वाला धनुषाकार पट्टा ।

(घ) जिस भूमि में खूब उपज हो ।

(ङ) जो डरता है ।

11. **निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए :- (शब्द उतारें)** [2]

भाषा, बंदूक, बुढ़िया, घोड़ा

12. **निम्नलिखित शब्दों को शुद्ध कीजिए :- (शब्द उतारें)** [3]

प्रसंसा, शक्ती, प्रंतु, पोषन, छमा, परीश्रम ।

13. **है या हैं लगाकर वाक्यों के खाली स्थानों को भरिए :-** [2]

(क) गुरु जी आए _________।

(ख) बच्चे चुप बैठे _________।

(ग) कुत्ता भौंक रहा _________।

(घ) चिड़ियाँ चहक रही _________।

Downloaded From www.icseboard.org